(c) सर्वनाम (d) क्रिया विशेषण

9. 'जो' शब्द कौन सा सर्वनाम है?
(a) निजवाचक (b) संबंधवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) पुरुषवाचक

10. निम्नलिखित में से कौन निजवाचक सर्वनाम नहीं है?
(a) आप (b) निज
(c) खुद (d) हम

11. निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम के रूप में क्या प्रयोग किया गया है?
"ऐसा भी हो सकता है।"
(a) हो (b) ऐसा
(c) भी (d) सकता

12. 'कुछ खाकर ही बाहर जाना' वाक्य में 'कुछ' किस सर्वनाम का प्रकार है?
(a) निजवाचक (b) संबंधवाचक
(c) अनिश्चयवाचक (d) पुरुषवाचक

13. निम्नलिखित में से क्या एक निश्चयवाचक सर्वनाम है?
(a) हम (b) कोई
(c) यह (d) आप

14. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) मध्यम पुरुष (b) उत्तम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

15. 'कोई आ रहा है'- वाक्य में 'कोई' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) संबंधवाचक (b) निजवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) अनिश्चयवाचक

16. यह मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद है-
(a) संज्ञा (b) संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण
(c) क्रिया विशेषण (d) विशेषण

17. "मैंने इस समस्या का समाधान खुद ही निकाल लिया" इस वाक्य में खुद ही पद में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?
(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) निश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) संकेतवाचक सर्वनाम

18. निम्नलिखित में से अविकारी शब्द नहीं है:-
(a) संबंधसूचक (b) समुच्चय बोधक
(c) सर्वनाम (d) क्रिया विशेषण

19. इनमें से 'संयुक्त सर्वनाम' का उदाहरण कौन-सा है?

Hindi By Swati Ma'am

(a) कोई (b) सब
(c) कुछ (d) कुछ-न-कुछ

20. हिंदी में कुल कितने सर्वनाम हैं?
(a) 12 (b) 10
(c) 11 (d) 9

21. 'अर्चना अत्यंत सुंदर है।' वाक्य में कौन-सा शब्द विशेषण है?
(a) अर्चना (b) अत्यंत
(c) सुंदर (d) है

22. 'कश्मीरी सेब सिंदूरी लाल होता है।' वाक्य में रेखांकित शब्द विशेषण के किस भेद के अंतर्गत आएगा?
(a) गुणवाचक (b) सार्वनामिक
(c) प्रविशेषण (d) परिमाणवाचक

23. 'ऋषि की गाय बहुत दूध देती है।' वाक्य में रेखांकित शब्द किस विशेषण का उदाहरण है?
(a) परिमाणवाचक (b) सार्वनामिक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक

24. किस प्रकार के विशेषण में दो प्राणियों, वस्तुओं इत्यादि के गुण दोष अथवा विशेषता की तुलना कर एक को दूसरे से बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है-
(a) सार्वनामिक (b) मूलावस्था
(c) चापलूसी करना (d) उत्तरावस्था

25. 'कोई' शब्द में कौन-से विशेषण का बोध होता है?
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) मूलावस्था
(c) उत्तरावस्था (d) परिमाणवाचक विशेषण

26. निम्न में कौन-सा संख्यावाचक विशेषण है?
(a) गरीब (b) कैसा
(c) कुछ (d) सफेद

27. 'यह घोड़ा अच्छा है।' वाक्य में 'यह' क्या है?
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) प्रविशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

28. विशेषण बताइए-
(a) भ्रम (b) शिक्षा
(c) क्षम्य (d) फेन

29. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण को पहचानिए-
(a) अपेक्षा (b) आश्वासन
(c) ऐतिहासिक (d) उपासना

30. इनमें से विशेषण शब्द कौन सा है?
(a) अनुशासन (b) शासन
(c) अनुशंसा (d) अनुशासित

31. विशेषण के मुख्यत: कितने भेद होते है?
(a) छः (b) तीन
(c) चार (d) दो

32. 'कालिमा' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण ..... से बना है-
(a) कालापन (b) लालिमा
(c) काल (d) काला

33. ''वैधव्य'' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण से बना है-
(a) विधवा (b) वैधानिक
(c) विवाह (d) वैध

34. विशेषण के लिंग और वचन किसके अनुसार होते हैं?
(a) क्रिया (b) सर्वनाम
(c) अव्यय (d) विशेष्य

35. 'भौम' का विशेष्य रूप है-
(a) भूमित्व (b) भौमिक
(c) भूमि (d) भूमिक

36. निम्नलिखित कथनों में से अशुद्ध कथन है-
(a) जो केवल सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे विशषण कहते हैं।
(b) विशेषण द्वारा जिस शब्द की विशेषता प्रकट हो, उसे विशेष्य कहते हैं।
(c) जिस विशेषण के द्वारा किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण प्रकट हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
(d) जो विशेषण विशेष्य और क्रिया के बीच आए, उसे विधेय विशेषण कहते हैं।

37. निम्नलिखित में से किस विकल्प में विशेषण का भेद नहीं है?
(a) गुणवाचक विशेषण (b) मूलावस्था विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

38. विशेष्य से पहले आने वाले विशेषण को क्या कहते हैं?
(a) विधेय-विशेषण (b) उद्देश्य विशेषण
(c) प्रविशेषण (d) क्रिया-विशेषण

39. 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं' वाक्य में कितने विशेषण शब्द हैं?
(a) 3 (b) 2
(c) 5 (d) 4

40. क्रमवाचक विशेषण का उदाहरण कौन-सा है?
(a) तीन (b) चौगुना
(c) दो (d) दूसरा

Hindi By Swati Ma'am

41. निम्न में से कौन-सा शब्द स्पर्शबोधक विशेषण है?
(a) जहरीला (b) कोमल
(c) उत्तरी (d) बड़ा

42. इनमें से किस वाक्य में 'क्रियार्थक संज्ञा' का प्रयोग है?
(a) टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
(b) मैं खाकर सोऊंगा।
(c) राधा बहुत तुतलाती है।
(d) गुर्जरों ने लड़ाई लड़ी।

43. मुख्य क्रिया के अर्थ को स्पष्ट करने वाली क्रिया को क्या कहते हैं?
(a) नामबोधक क्रिया (b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) नामधातु क्रिया (d) सहायक क्रिया

44. यदि 'दौड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी प्रेरणार्थक क्रिया क्या होगी?
(a) दौड़ना (b) दौड़वाना
(c) रुकना (d) दौड़

45. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?
(a) मैं गेंहूँ पिसवाता हूँ।
(b) पानी बरस रहा है।
(c) राम मोहन को रुला रहा है।
(d) श्याम निबंध लिखता है।

46. मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया-धातुएँ क्या कहलाती हैं?
(a) समस्त धातु (b) द्विकर्मक धातु
(c) साधित सकर्मक धातु (d) संयुक्त धातु

47. ''माँ ने पिताजी से सामान मँगवाया।'' यहाँ क्रिया का कौन-सा रूप है?
(a) प्रेरणार्थक (b) अकर्मक क्रिया
(c) सकर्मक क्रिया (d) आज्ञार्थक क्रिया

48. 'बालक इस पुस्तकालय में पढ़ रहा है।' वाक्य में ..... क्रिया है-
(a) अकर्मक (b) सकर्मक
(c) सहायक (d) संयुक्त

49. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया है-
(a) जगाना (b) चलना
(c) बदलना (d) पढ़ना

50. दो प्राणियों तथा वस्तुओं के बीच तुलना की जाती है तो क्रिया किस रूप में दिखाई पड़ती है?
(a) उत्तमावस्था (b) उत्तरावस्था
(c) पूर्ववस्था (d) मूलावस्था

51. हथियाना, चिकनाना किस प्रकार की क्रिया है?
(a) प्रेरणार्थक क्रिया (b) सकर्मक क्रिया
(c) संयुक्त क्रिया (d) नामधातु क्रिया

52. निम्न में सकर्मक क्रिया है?
(a) मुस्कुराना (b) लिखना
(c) सोना (d) चलना

53. क्रियार्थक संज्ञा सदा किस रूप में रहती है?
(a) एकवचन स्त्रीलिंग (b) बहुवचन स्त्रीलिंग
(c) एकवचन पुल्लिंग (d) बहुवचन पुल्लिंग

54. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया है-
(a) गिराना (b) चमकना
(c) उठना (d) देना

55. क्रिया के मूल रूप को क्या कहते हैं?
(a) रूप (b) शब्द
(c) पद (d) धातु

56. जिस क्रिया से संचालित व्यापार का फल कर्ता को छोड़कर कर्म पर पड़ता है, उसे कौन-सी क्रिया कहते हैं?
(a) द्विकर्मक क्रिया (b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) अकर्मक क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

57. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया कौन-सी है-
(a) दिलाना (b) चलना
(c) उठना (d) उड़ना

58. उस विकल्प का चयन करें, जो दिए वाक्य में क्रिया के भेद वाला सही विकल्प है-
''रोहन चाय पीकर बैठ गया।''
(a) संयुक्त (b) पूर्वकालिक
(c) प्रेरणार्थक (d) नामधातु

59. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें, जो क्रिया के भेद वाला सही विकल्प है-
''दीपा ने गाय को चारा खिलाया''
(a) नामधातु (b) कृदंत
(c) प्रेरणार्थक (d) द्विकर्मक क्रिया

60. निम्नलिखित चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें, जो पक्ष के भेद का सही विकल्प हो-
''दीपा लगातार पढ़ाई करती थी, इसलिए कक्षा में प्रथम आई।''
(a) अभ्यासद्बोधक पक्ष (b) पूर्णताद्योतक पक्ष
(c) प्रगतिद्योतक पक्ष (d) नित्यताद्द्योतक पक्ष

Hindi By Swati Ma'am

Answer-Key

1. (a)	2. (b)	3. (d)	4. (c)	5. (a)	6. (c)	7. (c)	8. (c)	9. (b)	10. (d)
11. (b)	12. (c)	13. (c)	14. (b)	15. (d)	16. (b)	17. (c)	18. (c)	19. (d)	20. (c)
21. (c)	22. (c)	23. (a)	24. (d)	25. (a)	26. (c)	27. (a)	28. (c)	29. (c)	30. (d)
31. (c)	32. (d)	33. (a)	34. (d)	35. (c)	36. (a)	37. (b)	38. (b)	39. (b)	40. (d)
41. (b)	42. (a)	43. (d)	44. (b)	45. (b)	46. (c)	47. (a)	48. (b)	49. (a)	50. (b)
51. (d)	52. (b)	53. (c)	54. (a)	55. (d)	56. (d)	57. (a)	58. (b)	59. (d)	60. (a)



Practice Set - 19

1. 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द के लिए सही वाक्यांश निम्नलिखित में से कौन सा है?
(a) जिसकी बुद्धि में तुरंत नई सूझ उत्पन्न हो
(b) जो तत्काल शांत हो जाए
(c) जो फिर से उत्पन्न हुआ हो
(d) उत्तर न देने की क्षमता वाला

2. निम्नलिखित में से कौन सी वर्तनी शुद्ध है?
(a) आशिर्वाद (b) आर्शीवाद
(c) आशीर्वाद (d) आर्शीर्वाद

3. निम्न में से कौन से विकल्प में पर्यायवाची युग्म सही नहीं है?
(a) सरोवर-पुष्कर (b) पुरन्दर-अमरपति
(c) जलधि-अम्बुद (d) फणी-उरग

4. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द कौन सा है?
(a) झरना (b) मकड़ी
(c) कृपा (d) कटहल

5. निम्नलिखित में सेद 'शलाका' का तद्भव रूप कौन सा है?
(a) सिलाई (b) सलाका
(c) सलाई (d) सलयका

6. निम्नलिखित में से तत्सम और तद्भव का कौन सा युग्म सही नहीं है?
(a) वर्तिका-बत्ती (b) वणिक्-बनिया
(c) पौत्र-पुत्तर (d) वधू-बहू

7. 'तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) उपमा अलंकार (b) अतिश्योक्ति अलंकार
(c) रूपक अलंकार (d) अनुप्रास अलंकार

8. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक है?
(a) क्षण में नष्ट होने वाला - क्षतिपूर्ति
(b) जिसमें सबकी सम्मति है - सर्वज्ञ
(c) व्याकरण जानने वाला - वीरप्रसु
(d) जो बिना वेतन काम करता हो - अवैतनिक

9. 'घर का भेदी लंका ढाए' - कहावत का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?
(a) आपसी फूट से लंका ढह जाती है।
(b) आपसी फूट से सर्वनाश होता है।
(c) घर का भेद न बताने से लंका नहीं ढहती है।
(d) घर का भेद बताने से लंका ढह जाती है।

10. 'ठठेरा' शब्द का स्त्रीलिंग निम्न में से क्या होगा?
(a) ठठेरी (b) ठठेरिनी
(c) ठठेरिन (d) ठठारी

11. 'आँखों का तारा' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) अति कमजोर (b) अति दुखी
(c) अति आलसी (d) अति प्रिय

12. 'मान न मान मैं तेरा मेहमान' - कहावत का अर्थ बताइए।
(a) मेहमान नवाजी करना (b) मेहमान न बनना
(c) जबरदस्ती गले पड़ना (d) मेजबानी करना

13. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए:
(a) वन में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है।
(b) वन में प्रातः काल के समय बहुत ही सुहावना दृश्य होता है।
(c) वन में प्रातः काल के समय बहुत ही मनोहरी दृश्य होता है।
(d) वन में प्रातः काल के समय दृश्य क्या खूबसूरत होता है।

14. किस विकल्प में सभी शबद तद्भव हैं?
(a) गात, गणपति, ग्राहक (b) सहज, संजोग, समंदर
(c) सुत, झरना, नयन (d) छकड़ा, काजल, खेत

15. 'तिथि' शब्द का बहुवचन है-
(a) तिथियां (b) तिथियाँ
(c) तिथीयों (d) तिथियों

16. श्रुतिसम भिन्नार्थ शब्द-युग्म 'लक्ष्य' और 'लक्ष' का उचित अर्थ है-
(a) देखने योग्य - संपत्ति (b) तीर - रुपया
(c) उद्देश्य - लाख(गिनती) (d) लाख - उद्देश्य

17. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

	शब्द - युग्म	अर्थ - भेद
(a)	आदि - आदी	आरंभ - अभ्यस्त
(b)	अचल - अंचल	स्थिर - क्षेत्र
(c)	अभिराम - अविराम	स्थिर - लगातार
(d)	अयश - अयस	बदनामी - लोहा

Hindi By Swati Ma'am

18. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है?
(a) यह वही बच्चा है जो कल गिर गया था।
(b) शाम हुई और गाय घर लौट आई।
(c) जो परिश्रम करेगा, उसे सफलता मिलेगी।
(d) बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं।

19. 'बातजुर्बा' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?
(a) आ (b) जुर्बा
(c) बात (d) बा

20. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य मिश्र वाक्य है?
(a) वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है।
(b) उसमें न पत्ते थे, न फूल थे।
(c) यज्ञदत्त देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है।
(d) मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबंध है।

21. निम्न में से शुद्ध वाक्य कौन सा है?
(a) कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(b) भारत में अनके जातियाँ हैं।
(c) उसे अनुतीर्ण होने की आशा है।
(d) काटकर फल बच्चे को खिलाओ।

22. विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे। यह किस वाक्य का उदाहरण है?
(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) सरल वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य

23. 'आडम्बर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
(a) पाखंड (b) दर्प
(c) ढोंग (d) ढकोसला

24. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है?
(a) संस्कृति (b) दंपती
(c) विकृति (d) प्रकृति

अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(प्र. सं. 25-29)

नहर अथवा नदी पर जल के प्रवाह को राकने के लिए बाँध का उपयोग किया जा सकता है। बाँध लघु, मध्यम तथा बड़े आकार के हो सकते हैं। बड़े बाँधों का निर्माण करना अधिक जटिल होता है। इनके निर्माण में अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होता है। बाँध का निर्माण कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी किया जा सकता है। भाखड़ा बाँध, सरदार सरोवर, टिहरी बाँध इत्यादि बड़े बाँधों के उदाहरण हैं। एक बाँध के लिए अत्यावश्यक है कि इसमें इसके पीछे के पानी के भार को वहन करने की क्षमता हो। बाँध पर धकेले जाने वाली जल की मात्रा का जल-दाब जल की गहराई बढ़ने के साथ बढ़ता है। इसके परिणामस्वरूप कई बाँधों का तल चौड़ा होता है, जिससे यह सतह के काफी नीचे के भाग में बहने वाले जल का भार वहन कर सके। वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से जल की माँग बढ़ती जा रही है। अतएव जल संरक्षण आज की आवश्यकता बन गई है। वर्षा-जल-संचयन मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठे किए जल को भूमि में संरक्षित करके आगे काम में लेने की प्रक्रिया है। इसके लिए यह अत्यावश्यक है कि भ-जल की गिरावट को रोका जाए तथा भू-जल स्तर में सुधार किया जाए। साथ ही समुद्र के जल का अंतर्गमन अर्थात समुद्री जल को भूमि की तरफ आने से रोका जाए और वर्षा के मौसम में अधिकतम जल का संरक्षण किया जाए।

25. बड़े बाँधों का निर्माण करना अधिक जटिल क्यो होता है?
(a) जनता के लिए हानिकारक होने के कारण
(b) व्यर्थ के खर्चों और शक्तियों के दुरुपयोग के कारण
(c) कम जरूरत होने के कारण
(d) अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होने के कारण

26. जल संचयन वह है जिसमें ..... (सही कथन से वाक्य पूरा करो।)
(a) जल को पानी की टंकियों एवं बड़े बर्तनों में भरकर भविष्य के लिए रखा जाता है।
(b) वर्षा-जल को आगे काम में न लेने की प्रक्रिया होती है।
(c) वर्षा-जल को मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठा करके भूमि में संरक्षित करके आग काम में लिया जाता है।
(d) वर्षा-जल भवनों की छतों पर इकट्ठा किया जाता है।

27. 'जल संरक्षण' का सही समास-विग्रह और समास का नाम है :
(a) संरक्षण का जल - अव्ययीभाव समास
(b) संरक्षण किया जल है जिसका - बहुव्रीहि समास
(c) जल का संरक्षण - तत्पुरुष समास
(d) जल के लिए संरक्षण - कर्मधारय समास

28. बाँध का निर्माण ..... किया जा सकता है। (वाक्य पूरा कीजिए।)
(a) केवल लकड़ी अथवा मिट्टी से
(b) कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी
(c) चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से ही
(d) केवल कंक्रीट द्वारा

29. जल की माँग क्यों बढ़ती जा रही है?
(a) वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, तापमान में वृद्धि तथा वनों में वृद्धि के कारण
(b) कृषि में ह्रास, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा पर्यावरण में बदलाव के कारण
(c) औद्योगिकीकरण में वृद्धि, वर्षों से बढ़ती जनसंख्या तथा कृषि में विस्तार होने से

Hindi By Swati Ma'am

(d) वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से

30. कंठ से उत्पन्न होने वाले वर्ण हैं-
(a) ग, घ (b) ऋ, र
(c) ड, ढ (d) च, छ

31. 'मानसरोवर' में किस कहानीकार की कहानियाँ संगृहीत हैं?
(a) जयशंकर प्रसाद (b) प्रेमचंद
(c) हरिशंकर परसाई (d) कृष्णा सोबती

32. अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखे जाने वाला शिकायत पत्र किस श्रेणी में आएगा?
(a) कार्यालयी पत्र (b) संपादकीय पत्र
(c) व्यावसायिक पत्र (d) व्यक्तिगत पत्र

33. जब प्रथम वर्ण व्यंजन और दूसरा वर्ण स्वर हो तो उनके मध्य की संधि होगी-
(a) अयादि संधि (b) विसर्ग संधि
(c) व्यंजन संधि (d) स्वर संधि

34. कबीरदास की भाषा कौन सी है?
(a) पंचमेल खिचड़ी (b) राजस्थानी
(c) ब्रज (d) अवधी

35. एक भारतीय आत्मा किनको कहा गया है?
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

36. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार, संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है?
(a) अनुच्छेद 342 (b) अनुच्छेद 344
(c) अनुच्छेद 346 (d) अनुच्छेद 343

37. प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, पालि - इन भाषाओं में प्राचीनतम भाषा कौन सी है?
(a) पालि (b) अपभ्रंश
(c) प्राकृत (d) संस्कृत

38. निम्नलिखित में से कौन सी रचना/रचना संग्रह ब्रज भाषा में है?
(a) कबीर ग्रंथावली (b) रसखान रचनावली
(c) रामचरितमानस (d) पद्मावत

39. निम्नलिखित में से किस कवि की काव्य भाषा ब्रज नहीं है?
(a) सूरदास (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (d) बिहारीलाल

40. निम्नलिखित में से कौन सा संधि-विच्छेद सही है?
(a) महाविद्यालय = महा + विद्या + लय
(b) व्याकुल = व्या + कुल
(c) महर्षि = महा + अर्षि
(d) मध्वरि = मधु + अरि

41. निम्नलिखित में अपादान कारक का प्रयोग किस विकल्प में नहीं हुआ है?
(a) बिल्ली छत से कूदी।
(b) पिताजी कार से गए हैं।
(c) यमुना नदी हिमालय से निकलती है।
(d) वह चूहे से डरता है।

42. 'से' किस कारक का (विभक्ति) चिन्ह होता है?
(a) संबोधन (b) अपादान
(c) अधिकरण (d) कर्म

43. 'समझौता' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?
(a) झौता (b) आ
(c) औता (d) ता

44. निम्नलिखित में से 'व्यष्टि' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?
(a) समष्टि (b) अक्षि
(c) वृष्टि (d) दृष्टि

45. निम्नलिखित में से कौन सा समास का प्रकार सही नहीं है?
(a) विद्याभंडार - तत्पुरुष समास
(b) पर्णकुटी - द्वंद्व समास
(c) पंचवटी - द्विगु समास
(d) यथानियम - अव्ययीभाव समास

46. 'हम चूडियाँ पहन रहे हैं।' वाक्य की क्रिया किस काल की है?
(a) अपूर्ण वर्तमान काल (b) संदिग्ध वर्तमान काल
(c) पूर्ण वर्तमान काल (d) सामान्य वर्तमान काल

47. निम्नलिखित उदाहरणों में से श्रृंगार रस का उदाहरण कौन सा है?
(a) उद्वेलित कर अश्रु-रश्मियाँ
हृदय चिताएँ धधकाकर
महा महामारी प्रचंड हो
फैल रही थी इधर-उधर
(b) पानी केरा बुदबुदा अस मानस की जात।
देखत ही छिप जायगा ज्यों तारा परभात॥
(c) गिरता न कभी चेतक-तन पर,
राणा प्रताप का कोड़ा था।
वह दौड़ रहा अरि-मस्तक पर,
या आसमान पर घोड़ा था॥
(d) पास ही मिलकर उगी है

Hindi By Swati Ma'am

बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सर पर चढ़ाकर
कह रही है जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको।

48. निम्नलिखित में से कौन सा अर्थालंकार का एक प्रकार है?
(a) रूपक अलंकार (b) वक्रोक्ति अलंकार
(c) यमक अलंकार (d) श्लेष अलंकार

49. निम्नलिखित में से 'मौन और संपन्न' शब्दों के क्रमशः सही विलोम शब्दों का चयन कीजिए:
(a) मूक, विपन्न (b) मुखर, विपन्न
(c) भाषण, निष्पन्न (d) मौखिक, आसन्न

50. 'कबहुँक हों यहि रहनि रहौंगो
श्री रघुनाथ कृपालु कृपा ते संत सुभाव गहोंगो।
जथा लाभ संतोष सदा काहूँ सो कछु न चहौंगो।
परहित निरत निरंतर मन-क्रम-वचन नेम निवहोंगो।'
उपर्युक्त पंक्तियों में निहित रस कौन सा है?
(a) वीर रस (b) रौद्र रस
(c) भयानक रस (d) शांत रस

51. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) प्रतिग्या (b) महात्मय
(c) उत्कर्ष (d) सहश्त्र

52. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?
(a) आकांक्षा, इच्छा, अभिलाषा
(b) वाजि, सैन्धव, नेत्र
(c) विधु, चन्द्रमा, हिमांशु
(d) मरीचि, मयूख, रश्मि

53. 'सामने शेर को दहाड़ता देखकर मेरे प्राण सूख गए।'
रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) बड़ी मुसीबत आना। (b) नजदीक जाना।
(c) साहसी होना। (d) बहुत डर जाना।

54. निम्न में से 'कौशल' और 'चातुर्य' का पर्यायवाची कौन सा नहीं है?
(a) पटुता (b) दक्षता
(c) प्रवीणता (d) सुरसरिता

55. 'पीपर पात सरिस मनडोला', इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) अतिश्योक्ति अलंकार
(c) उपमा अलंकार (d) रूपक अलंकार

56. 'अज्ञेय' शब्द के लिए एक वाक्यांश है-
(a) जिसे देखा न जा सके (b) जिसे रोका न जा सके
(c) जिसे जाना न जा सके (d) जिसे सुना न जा सके

57. 'जिसका उपचार या हल न हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
(a) असहाय (b) असाध्य
(c) असीम (d) असह्य

58. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन सा है?
(a) स्थल (b) शिक्षा
(c) होलिका (d) तीरथ

59. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?
(a) हीरा, मोती, मणि (b) हार, पायल, पुखराज
(c) कौआ, खरगोश, मंडल (d) नथ, मूंगा, पन्ना

60. 'कान कतरना' मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) क्षमा माँगना।
(b) गलती स्वीकारना।
(c) बहुत अधिक चालाक होना।
(d) बुरो काम करना।

61. निम्न में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?
(a) इतना तेज क्यों चल रहे हो?
(b) हमने बहुत आम खाए।
(c) कितना सुंदर चित्र है यह!
(d) ये पत्र किसने लिखे हैं?

62. 'शीर्षक को चयन करते समय अनुच्छेद में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए।'
वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।
(a) शीर्षक को चयन (b) भावों और विचारों की
(c) परख कर लेनी चाहिए। (d) करते समय अनुच्छेद मे निहित

63. निम्नलिखित में से कौन सा शबद तत्सम है?
(a) तिनका (b) धरती
(c) गृहिणी (d) दाहिना

64. निम्नलिखित में से 'तड़ाग' शब्द का तद्भव शब्द कौन सा है?
(a) तृण (b) तालाब
(c) तीक्ष्ण (d) तुन्द

65. 'दयालु' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(a) आलु (b) आ
(c) या (d) ऊ

Hindi By Swati Ma'am

66. 'श्यामलाल, जो गाँधी गली में रहता है, मेरा मित्र है।' यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) संयुक्त वाक्य (b) सरल वाक्य

(c) जटिल वाक्य (d) मिश्र वाक्य

67. 'घी के दिए जलाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(a) मर जाना। (b) जरूरत से ज्यादा बड़ाई करना।

(c) बुराई करना। (d) खुशियाँ मनाना।

68. 'आसमान पर चढ़ाना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

(a) अत्यधिक अभिमान करना।

(b) बहुत शोर करना।

(c) अत्यधिक प्रशंसा करना।

(d) कठिन काम के लिए प्रेरित करना।

69. "एक अनार सौ बीमार" लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) एक वस्तु के ग्राहक अनेक।

(b) प्राण सबसे प्रिय होते हैं।

(c) संघ न होना।

(d) कपटपूर्ण व्यवहार करना।

70. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

	शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a)	बली - बलि	बलवान - गाय
(b)	कुल - कूल	वंश - नदी का किनारा
(c)	नागर - नगर	नगर में रहने वाला - शहर
(d)	अनल - अनिल	अग्नि - पवन

71. श्रुतिसम भिन्नार्थ शब्द-युग्म 'चरम-चर्म' का उचित अर्थ है-

(a) टूटना - शाश्वत (b) अंतिम सीमा - चमड़ा

(c) श्रेष्ठ - शक्तिहीन (d) चमड़ा - अंतिम सत्य

72. 'मजदूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है।' यह वाक्यय है-

(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य

(c) आज्ञार्थक वाक्य (d) मिश्र वाक्य

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (प्र. सं. 73-77)

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिए के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

73. कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं?

(a) अपनी अकर्मण्यता और आलस्य

(b) अपनी विभिन्न कमियाँ

(c) अपना बातूनीपन

(d) अपना निठल्लापन

74. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है-

(a) समय की दुहाई देना

(b) समय पर काम करना

(c) दृढ़ विश्वास बनाए रखना

(d) समय की कीमत समझना

75. दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है?

(a) समय का पालन (b) समय की कीमत

(c) समय का सदुपयोग (d) समय का प्रयोग

76. कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता?

(a) समय न आने पर (b) समय बीत जाने पर

(c) समय अधिक होने पर (d) समय कम होने पर

77. अकर्मण्यता शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय कौन से हैं?

(a) उपसर्ग अ एवं प्रत्यय ता (b) उपसर्ग ता और प्रत्यय अ

(c) उपसर्ग नहीं है, प्रत्यय ता (d) उपसर्ग अकर्मण्य एवं प्रत्यय ता

78. निम्न में से कौन सा समूह सही नहीं है?

(a) ओष्ठ्य - प, म, ब, भ (b) मुर्द्धन्य - च, छ, ज, झ

(c) कंठ्य - क, ख, ग, घ (d) वत्सर्य - न, ल, र, स

79. एक औपचारिक पत्र में समाप्ति के पूर्व हस्ताक्षर और नाम के ऊपर कौन सा कथन उपयुक्त होगा?

(a) सादर प्रणाम (b) भवदीय

(c) आपका प्रिय (d) आपका आज्ञाकारी

80. 'अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।

प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग अँग बास समानी।'

- दी गई पंक्तियाँ किसके द्वारा रचित पद का अंश हैं?

(a) सूरदास (b) रैदास

(c) तुलसीदास (d) कबीरदास

Hindi By Swati Ma'am

81. विकारी शब्द के प्रकार होते हैं-
(a) 4 (b) 6
(c) 7 (d) 5

82. 'हे री मैं तो प्रेम-दिवरनी मेरो दरद न जाणै कोय।
दरद की मारी बन बन डोलूं बैद मिल्यो नही कोय।'
यह पंक्तियाँ किसकी है?
(a) महादेवी (b) मीरा
(c) सुभद्राकुमारी चौहान (d) रसखान

83. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है?
(a) शब्द (b) पदबंध
(c) वर्ण (d) पद

84. किसी के द्वारा कहे गए कथन को मूल रूप से लिखने के लिए कौन सा विराम चिन्ह प्रयुक्त होगा?
(a) कोष्ठक चिन्ह (b) उद्धरण चिन्ह
(c) निर्देशक चिन्ह (d) लाघव चिन्ह

85. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द अनेकार्थी हैं?
1. दल, अनी, रिपु 2. कर, श्रद्धा, खग
3. अनंत, कल, कर 4. दल, गुरु, पतंग
(a) 1, 2 (b) 3, 4
(c) 1, 4 (d) 2, 3

86. हंसपद विराम चिन्ह कौन सा है?
(a) < (b) >
(c) ! (d) ^

87. संयुक्ताक्षर व्यंजन निम्न में से कौन से हैं?
(a) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (b) श, ष, स, ह
(c) प, फ, ब, भ (d) य, र, ल, व

88. 'मोहिनी ने चिड़ियाघर में पक्षी देखे।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?
(a) कर्ता कारक (b) करण कारक
(c) कर्म कारक (d) संप्रदान कारक

89. 'पंडित जी हवन करा कर कथा कह रहे हैं' में 'करा कर' में कौन सी क्रिया है?
(a) संयुक्त क्रिया (b) मुख्य क्रिया
(c) नातधातु क्रिया (d) पूर्वकालिक क्रिया

90. निम्न में से किस विकल्प में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?
(a) सिपाही तेज दौड़ता है।
(b) सिपाही चोर को पकड़ता है।
(c) सिपाही युद्ध में लड़ता है।
(d) सिपाही बहुत कम सोता है।

91. 'मेरा घर स्कूल से बहुत दूर है।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?
(a) संप्रदान कारक (b) अपादान कारक
(c) संबोधन कारक (d) अधिकरण कारक

92. निम्नलिखित में से कौन सा समास नाम सही है?
(a) सज्जन - अव्ययीभाव समास
(b) यथामति - कर्मधारय समास
(c) अष्टाध्यायी - द्वंद्व समास
(d) शरणागत - तत्पुरुष समास

93. 'संभव है कि कल हम सिनेमा देखने जायेंगे।' वाक्य किस काल में व्यक्त हुआ है?
(a) संभाव्य भविष्यत् काल (b) हेतुहेतुमद भविष्यत् काल
(c) सामान्य भविष्यत् काल (d) हेतुहेतुमद भूतकाल

94. महा + ओजस्वी का संधि रूप है-
(a) महौजस्वी (b) म्होजस्वी
(c) महोजस्वी (d) महाजस्वी

95. करुण रस का स्थायी भाव है-
(a) भय (b) शोक
(c) विस्मय (d) जुगुप्सा

96. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा रस है?
किलकल कान्ह घुटुरुवनि आवत।
मनिमय कनक नंद कै आँगन, बिंब पकरिबैं धावत।।
कबहुँ निरखि हरि आपु छाहँ कौं, कर सौं पकरन चाहत।
किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पुनि-पुनि तिहिं अवगाहत।।
(a) शृंगार रस (b) शांत रस
(c) वात्सल्य रस (d) वीर रस

97. 'सेस महेस गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरंतर गावै' में कौन सा अलंकार है?
(a) उपमा अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) अतिश्योक्ति अलंकार (d) अनुप्रास अलंकार

98. 'अध्यक्ष' शब्द में उपसर्ग कौन सा है?
(a) अध (b) अधि
(c) आधि (d) अध्

99. निम्न में से किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है?
(a) अस्तिक × नास्तिक (b) जटिल × सरल
(c) झुकाव × तनाव (d) मिलन × वियोग

100. अधोलिखित में से 'अभिज्ञ' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

Hindi By Swati Ma'am

(a) भिज्ञ (b) अनभिग्य
(c) प्राज्ञ (d) अनभिज्ञ

101. 'उन्मीलन' शब्द का विलोम निम्न में से क्या है?
(a) अनुमीलन (b) निमीलन
(c) निर्मीलन (d) अवमीलन

102. 'राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परछाई' - पंक्ति में कौन सा रस है?
(a) वात्सल्य रस (b) शृंगार रस
(c) अद्भूत रस (d) शांत रस

103. निम्नलिखित में से किस रस का स्थायी भाव 'रति' है?
(a) भक्ति रस (b) शृंगार रस
(c) अद्भुत रस (d) शांत रस

104. 'मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत बुलाए।' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) उपमा अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) यमक अलंकार (d) अनुप्रास अलंकार

105. 'फूले काँस सकल महि छाई। जनु बरसा रितु प्रकट बुढ़ाई।' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) यमक अलंकार
(c) श्लेष अलंकार (d) रूपक अलंकार

106. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?
(a) अनुचित बात के लिए आग्रह - दुराग्रह
(b) जल में जमने वाला - जलज
(c) जो सब कुछ जानता है - बहुज्ञ
(d) जहाँ केवल रेत ही रेत हो - मरुस्थल

107. 'जहाँ जाया न जा सके।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है:
(a) निर्गम (b) अधिगम
(c) सुगम (d) अगम्य

108. 'गुप्तचर' इस शब्द के लिए कौन सा वाक्यांश सही है?
(a) छिपाने योग्य
(b) छिपकर टोह लेने वाला
(c) जो गुप्त स्थान पर रहता हो
(d) हर बात छुपाने वाला

109. 'किए गए उपकार को न मानने वाला' वाक्यांया के लिए एक शब्द है-
(a) कृतज्ञ (b) कृतघ्न
(c) अनुपकारी (d) अपकारी

110. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) उन्नती (b) अनुग्रहित
(c) ज्योत्स्ना (d) कनिष्ट

111. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?
(a) वसंत, रत्नाकर, मधुकर (b) वृक्ष, द्रुम, विटप
(c) मोती, मुक्ता, मरकट (d) हंस, मराल, सारंग

112. निम्न में से कौन सा शब्द 'सागर' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) रत्नाकर (b) अंबुधि
(c) वारीश (d) निर्झर

113. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?
(a) भालू (b) हिरन
(c) पाषाण (d) बच्चा

114. निम्नलिखित में से 'चिक्कण' शब्द का तद्भव शब्द कौन सा है?
(a) चित्रकार (b) चिकना
(c) चतुर्थ (d) चक्रवाक

115. 'परिवा' शब्द का तत्सम रूप क्या है?
(a) प्रतिपदा (b) पर्यवाह
(c) पड़वा (d) परवा

116. कौन सा शब्द तद्भव है?
(a) रुक्ष (b) खर्पर
(c) पल्लव (d) खजूर

117. इनमें से एकवचन-बहुवचन का कौन सा युग्म सही नहीं है?
(a) घोड़ा-घोड़े (b) आँसू-आँसुओं
(c) गली-गलियाँ (d) चिड़िया-चिड़ियाँ

118. निम्नलिखित में से 'समिति' शब्द का बहुवचन क्या होगा?
(a) समीतियाँ (b) समितियाँ
(c) समितियों (d) समीतीयां

119. "हाथ कंगन को आरसी क्या" लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) बिल्कुल पढ़ा लिखा न होना।
(b) विद्वान् को धन की बहुत आवश्यकता है।
(c) बुद्धिमान मनुष्य के लिए कोई काम कठिन नहीं है।
(d) प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं।

120. 'मन-गढ़न्त, शिष्टता और घबराहट' इन शब्दों के लिंग बताइए।
(a) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
(b) पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
(c) पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
(d) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग और पुल्लिंग

121. 'एक लाठी से हाँकना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

Hindi By Swati Ma'am

(a) मूर्ख बनाना (b) अच्छे-बुरे का अंतर न करना

(c) तानाशाह होना (d) बात बिगाड़ना

122. निम्नलिखित दोनों वाक्यों की संपूर्ण शुद्धता के विषय में कौन सा विकल्प सही है?

1. हमको हमारे पूज्यनीय महानुभावों का सदा सम्मान करना चाहिए।

2. उसे मृत्युदंड की सजा दी जानी चाहिए थी।

(a) प्रथम वाक्य पूर्णतः शुद्ध है और द्वितीय वाक्य अशुद्ध है।

(b) द्वितीय वाक्य पूर्णतः शुद्ध है और प्रथम वाक्य अशुद्ध है।

(c) दोनों ही वाक्य पूर्णतः शुद्ध हैं।

(d) दोनों ही वाक्य अशुद्ध हैं।

123. 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) थप्पड़ मारना (b) खुशियाँ मनाना

(c) डींग मारना (d) अपमानित करना

124. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही है।?

	शब्द - युग्म	अर्थ - भेद
(a)	इतर - इत्र	भिन्न - इत्यादि
(b)	और - ओर	दूसरा - तथा
(c)	अपरा - अपार	दूसरी - जिसे पार न किया जा सके
(d)	उर - उरु	हृदय - नदी

125. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'आकार-आगार' का उचित अर्थ है-

(a) खजाना - शरीर (b) आकृति - धाम

(c) भंडार - शरीर (d) प्राप्ति - ज्वाला

126. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन सा है?

(a) महेश खेलता है और रमेश पढ़ता है।

(b) बीमार होने के कारण रमेश आज खेलने नहीं आया है।

(c) आकाश भागता रहता है।

(d) यह वही भारत देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था।

127. 'नरेश घर गया। उसने माँ को देखा।' वाक्य संश्लेषण द्वारा निर्मित संयुक्त वाक्य होगा-

(a) नरेश घर गया, तब उसने माँ को देखा।

(b) नरेश ने घर जाकर माँ को देखा।

(c) नरेश घर गया और (उसने) माँ को देखा।

(d) नरेश घर गया जहाँ उसने माँ को देखा।

128. 'अनुकरणीय' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?

(a) अनु (b) णीय

(c) नीय (d) ईय

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (प्र.सं. 129-133)

एकता के महत्व से संबंधित अनेक लोकोक्तियाँ प्रचलित हैं, यथा- दस की लाठी एक का बोझ, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता इत्यादि। एक तिनके की क्या हस्ती? लेकिन जब वही तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है। एक ईट की क्या बिसात? लेकिन जब यहीं ईटें मिलकर दीवार बनाती हैं, तब उसे तोड़ना मुश्किल हो जाता है। एक बूँद जल का क्या अस्तित्व? लेकिन जब इन्हीं बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है, तो उसे लाँघना दुष्कर हो जाता है। एक चींटी की क्या औकात? लेकिन जब ये छोटी-सी चीटियाँ एक साथ हो जाती हैं, तब अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं। एकता के महत्व से संबंधित एक किसान और उसके बच्चों की और लकड़ी के टुकड़ों की कथा प्रचलित है। लकड़ी के टुकड़े जब अलग-अलग रहते हैं, तब बच्चों द्वारा वे आसानी से तोड़ दिये जाते हैं; परंतु वे ही टुकड़े जब संगठित होकर गट्ठर बन जाते हैं, तब बच्चे तोड़ नहीं पाते हैं। इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि 'एकता में ही बल है।'

129. तिनके की क्या विशेषता है?

(a) तिनका व्यर्थ का कचरा है।

(b) तिनका घास का काम करता है।

(c) जब तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है।

(d) तिनके से चिड़िया घोंसला बनाती है।

130. बूँदों के मेल का क्या महत्व है?

(a) पानी बन सकती है।

(b) बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है।

(c) बूँदों के मेल से कुछ नहीं होता है।

(d) बूँदों के मेल से घड़ा भर जाता है।

131. जब चींटियाँ एक साथ जाती हैं तो ..... (वाक्य पूरा कीजिये)

(a) एक पंक्ति बना लेती है। (b) दूर तक चली जाती है।

(c) काटना शुरू कर देती है। (d) अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती है।

132. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ है:

(a) अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है।

(b) अकेला व्यक्ति कुछ भी कर सकता है।

(c) अकेला व्यक्ति भाड़ नहीं फोड़ सकता है।

(d) अकेला चना कुछ नहीं कर सकता।

133. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(a) संगठन में शक्ति है (b) बूँद से सागर का बनना

(c) अनकेता में एकता (d) जीवन की सच्चाई

Hindi By Swati Ma'am

134. ओष्ठ्य वर्ण किस विकल्प में हैं?
(a) प, फ, ब, भ (b) क, ख, ग, घ
(c) त, थ, द, ध (d) अ, इ, ऋ, विसर्ग (:)

135. निम्नलिखित में से कौन सा स्वर संधि का भेद नहीं है?
(a) दीर्घ (b) अनादि
(c) गुण (d) वृद्धि

136. निम्नलिखित में से किस विकल्प में अनुनासिक का प्रयोग है?
(a) अं, अः (b) शंकर, हिंदी
(c) चाँद, साँस (d) अतः, प्रातः

137. राहुल सांकृत्यायन ने लेखन के लिए निम्नलिखित में से किस विधा को विशेष रूप से पसंद किया है?
(a) कविता (b) यात्रावृत्त
(c) संस्मरण (d) निबंध

138. रसखान कवि किस भाषा के कवि थे?
(a) उर्दूफारसी (b) ब्रज
(c) अवधी (d) खड़ीबोली

139. हिंदी की उप-भाषाओं की संख्या है:
(a) 05 (b) 06
(c) 04 (d) 07

140. निम्नलिखित में से कौन सी कहानी प्रेमचंद द्वारा रचित नहीं है?
(a) पूस की रात (b) ईदगाह
(c) ताई (d) दो बैलों की कथा

141. अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखे गए पत्र को किस प्रकार का पत्र कहेंगे?
(a) व्यक्तिगत पत्र (b) अनौपचारिक पत्र
(c) औपचारिक पत्र (d) व्यावसायिक पत्र

142. निम्नलिखित दोहा किसका है?
माला तो कर में फिरै जीभ फिरै मुख माहिं।
मनुआ तो चहुँ दिसि फिरै यह तो सुमिरन नाहिं॥
(a) कबीरदास (b) तुलसीदास
(c) रहीम (d) दादूदयाल

143. भाषा का कौन सा कौशल सबसे पहले बच्चा सीखता है?
(a) लिखना (b) पढ़ना
(c) सुनना और समझना (d) बोलना

144. 'यथाशक्ति' का सही विग्रह क्या होगा?
(a) जैसी शक्ति (b) शक्ति के अनुसार
(c) यथा जो शक्ति (d) जितनी शक्ति

145. 'अपूर्ण भूतकाल' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?
(a) ज्ञानू रोया। (b) ज्ञानू रो रहा था।
(c) ज्ञानू सो गया था। (d) ज्ञानू एक घंटे से सो रहा है।

146. 'अभीष्ट' का सही संधि-विग्रह है:
(a) अभी + इष्ट (b) अभि + ईष्ट
(c) अभि + इष्ट (d) अभी + ईष्ट

147. अपादान कारक युक्त वाक्य है:
(a) शिकारी ने खरगोश को मारा।
(b) वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है।
(c) माँ ने बच्चों को बुलाया।
(d) छत से उतरी हुई लता मुरझा गई है।

148. निम्नलिखित में नामधातु क्रिया का प्रयोग किस विकल्प में है?
(a) मोर नाच रहा है।
(b) माँ नौकरानी से बर्तन धुलवाती है।
(c) मैं कपड़े धो कर खेलने गया।
(d) उसने मेरी सारी संपत्ति हथिया ली।

149. निम्न में से 'अत्याचार' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?
(a) अति (b) अत्य
(c) अत् (d) चार

150. किस विकल्प में विलोम युग्म सही नहीं है?
(a) रुक्ष × स्निग्ध (b) वरदान × अभिशाप
(c) समास × व्यास (d) सधवा × निर्धवा

151. निम्नलिखित में 'नि' उपसर्ग का प्रयोग किस शब्द में हुआ है?
(a) निराशा (b) निष्कासन
(c) निष्फल (d) निगम

152. यह किस क्रिया के उदाहरण हैं?
1. 'सुरेश ने फल खरीदे।'
2. 'राम ने रावण को मारा।'
(a) अकर्मक क्रिया (b) नकारात्मक क्रिया
(c) पूर्वकालिका क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

153. अधोलिखित में से किस वाक्य में सम्प्रदान कारक का प्रयोग है?
(a) मैंने अपने पिताजी को अस्पताल में भरती करा दिया है।
(b) लेखक आज-कल उपन्यास लिखने में व्यस्त हैं।
(c) अमेरिका से पाकिस्तान को आर्थिक मदद मिलती रही है।
(d) तुम अपने काम को ठीक तरह से पूरा करो।

154. 'इस समय श्याम आता होगा' इस वाक्य में क्रिया का काल कौन सा है?
(a) सामान्य वर्तमान (b) संभाव्य वर्तमान

Hindi By Swati Ma'am

(c) संदिग्ध वर्तमान (d) तात्कालिक वर्तमान

155. निम्नलिखित में से कौन सा सामासिक युग्म सही है?
(a) बेमिसाल - द्वंद्व समास (b) दुरात्मा - द्विगु समास
(c) कर्महीन - तत्पुरुष समास (d) चतुरानन - अव्ययीभाव समास

156. 'अब लौ नसानी अब न नसैहों', इसमें कौन सा रस है?
(a) करुण रस (b) अद्भुत रस
(c) शांत रस (d) वीर रस

157. 'मृत्तिका' शब्द का तद्भव रूप कौन सा है?
(a) माठी (b) मिटती
(c) मुट्ठी (d) मिट्टी

158. "काली घटा का घमंड घटा नभ मंडल तारका वृन्द खिले", इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) उपमा अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) श्लेष अलंकार (d) यमक अलंकार

159. इनमें से 'आगार' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा नहीं है?
(a) घर (b) घाम
(c) भवन (d) आवास

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों से दें: (प्र. सं. 160-164)

सच्ची मित्रता जितनी बहुमूल्य होती है, उसे बनाए रखना भी उतना ही कठिन है। इस मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व है सहिष्णुता और उदारता। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ कमी रहती ही है। पूर्ण निर्दोष और सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति कोई भी नहीं होता। अतः मित्र के अवगुणों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है। आज भौतिकवादी युग है। इस युग में सच्चे मित्र का मिलना वैसे भी कठिन है। अधिकतर मित्र अपना उल्लू सीधा करने के लिए मित्रता का स्वाँग रचते हैं ओर अपना काम बन जाने के बाद अँगूठा दिखाकर चलते बनते हैं। ऐसे मित्र सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं। अतः शास्त्रों का मत है कि ऐसे मित्र मुख पर अमृत वाले विष से भरे घट के समान त्याज्य हैं। रामचरितमानस में कहा गया है- 'जे न मित्र दुख होंहिं दुखारी। तिन्हहिं विलोकत पातक भारी॥'

160. कैसे मित्र विष से भरे घट के समान त्याज्य होते हैं?
(a) जो मित्र सिर्फ अप्रिय वचन बोलते हैं।
(b) जो मित्र सिर्फ चुप रहते हैं।
(c) जो सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं।
(d) जो मित्र सिर्फ सच बोलते हैं।

161. 'विषवमन' शब्द कौन से समास का उदाहरण है?
(a) द्वंद्व समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास

162. 'पातक' शब्द का विलोम निम्नलिखित में से कौन सा शब्द है?
(a) पुण्य (b) उपकार
(c) अपराध (d) पाप

163. मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए ..... सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व है। (उपयुक्त शब्दों से वाक्य पूरा कीजिए।)
(a) उधार लेना उधार देना (b) समय पर सहायता न करना
(c) सहिष्णुता और उदारता (d) बुराई करना और गुणों को छुपाना

164. किस कारण से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है?
(a) दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से
(b) स्पष्ट और सीधी बात कहने से
(c) असहयोग करने से
(d) झूठी प्रशंसा करने से

165. निम्नलिखित पंक्तियाँ किस कवि/कवयित्री की हैं?
अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेमबेलि बोयी
अब त बेलि फैलि गई, आणंद फल होयी
(a) कबीरदास (b) सुभद्राकुमारी चौहान
(c) महादेवी वर्मा (d) मीराबाई

166. हिंदी की उप-भाषा कौन सी नहीं है?
(a) पूर्वी हिंदी (b) पहाड़ी
(c) पश्चिमी हिंदी (d) मालवी

167. निम्नलिखित में कौन सा स्वर संधि का भेद नहीं है?
(a) हल संधि (b) वृद्धि संधि
(c) दीर्घ संधि (d) गुण संधि

168. किस व्यंजन के उच्चारण में जिव्हा तालु से नहीं टकराती है?
(a) ज (b) श
(c) च (d) घ

169. पत्र-लेखन के बारे में कौन सा विकल्प सही नहीं लगता?
(a) अपने से छोटों को पत्र लिखते समय समापन (उपसंहार) तुम्हारा/तुम्हारी शुभचिंतक/शुभाकांक्षी/हितैषी जैसे शब्दों से होना चाहिए।
(b) सरकारी कार्यालयों में लिखे जाने वाले पत्रों में अभिवादन सादर नमस्ते लिखा जाना चाहिए।
(c) पिताजी, माताजी और अन्य बड़े लोगों के लिए पत्र में आदरणीय/पूज्य जैसे शब्दों से प्रशस्ति होनी चाहिए।
(d) वैयक्तिक पत्रों में औपचारिकता नहीं होती है।

170. कवि भूषण किस काल के कवि थे?
(a) भक्तिकाल (b) आधुनिक काल
(c) आदिकाल (d) रीतिकाल

Hindi By Swati Ma'am

171. निम्नलिखित में अन्तःस्थ व्यंजन कौन से हैं?
(a) य र ल व (b) क्ष त्र ज्ञ विसर्ग (:)
(c) इ च छ ऋ (d) श ष स ह

172. 'घुमक्कड़ शास्त्र' की रचना किसने की है?
(a) राहुल सांकृत्यायन (b) प्रेमचंद
(c) महादेवी वर्मा (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

173. कौन सी कहानी प्रेमचंद की नहीं है?
(a) झूठा सच (b) ईदगाह
(c) परीक्षा (d) बड़े भाई साहब

174. कोष्ठक में दिए गए विराम चिन्ह (;) का नाम क्या है?
(a) उद्धीरण चिह्न (b) अल्पविराम
(c) निर्देश चिह्न (d) अर्द्धविराम

175. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है?
(a) प्रशंसा - निंदा (b) स्वकीय - परकीय
(c) सज्जन - दुर्जन (d) प्रलय - ध्वंस

176. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा रस है?
हे सारथे! हे द्रोण क्या, देवेंद्र भी आकर अड़ें,
है खेल क्षत्रिय बालकों का, व्यूह-भेदन कर लड़े।
मैं सत्य कहता हूँ सखे! सुकुमार मत जानो मुझे,
यमराज से भी युद्ध में प्रस्तुत सदा मानो मुझे।
(a) वीर रस (b) करुण रस
(c) शृंगार रस (d) भयानक रस

177. "रहिमन पानी राखिए बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरे मोती मानस चून।।"
दोहे की नीचे की पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) मानवीकरण अलंकार (b) अनुप्रास अलंकार
(c) श्लेष अलंकार (d) उपमा अलंकार

178. 'दक्षिण' शब्द का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है?
(a) वाम (b) दायाँ
(c) पश्चिम (d) पूरब

179. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?
(a) बुरे मार्ग पर चलने वाला - कुमार्गी
(b) छुटकारा दिलाने वाला - त्राता
(c) आकाश में घूमने वाला - आकाशवृत्ति
(d) जिसे करना कठिन हो - दुष्कर

180. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) प्रयाप्त (b) याज्ञवल्क्य
(c) परीक्षण (d) मतन्तर

181. निम्न में से 'प्रज्ञा और मनीषा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
(a) विवेक (b) मेधा
(c) मति (d) विधाता

182. 'नद्यागम' शब्द का संधि-विग्रह है-
(a) नद्य + आगम (b) नदि + आगम
(c) नदी + आगम (d) नद्या + गम

183. 'आजकल लेखक उपन्यास लिख रहा है।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?
(a) करण कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) कर्म कारक (d) अपादान कारक

184. 'नाला' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द निम्नलिखित में से क्या है?
(a) नालिया (b) नालिए
(c) नाली (d) नालि

185. 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?
(a) प्रतिज्ञा जिससे कभी न डिगे
(b) मजबूत और सुदृढ़ टाँगों वाला
(c) स्थिर कदम जो कभी विचलित नहीं होते
(d) राम का परम भक्त

186. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

	शब्द - युग्म	अर्थ - भेद
(a)	अनिल - अनल	हवा - आग
(b)	अवलंब - अविलम्ब	सहारा - विलम्ब
(c)	आवरण - आभरण	ढँकना - आभूषण
(d)	अपेक्षा - उपेक्षा	इच्छा - लापरवाही

187. 'राखनहार' शब्द में निम्नलिखित में से कौन से प्रकार का प्रत्यय है?
(a) तद्धित प्रत्यय (b) कृदंत प्रत्यय
(c) क्रिया प्रत्यय (d) कर्तृवाचक तद्धित प्रत्यय

188. 'प्रदुमन' शब्द की शुद्ध वर्तनी है-
(a) प्रद्युम्न (b) प्रद्यूमन
(c) प्रदुम्न (d) प्रदूमन

189. निम्न में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(a) बालक छत में खेल रहे हैं।
(b) श्वेता मेरे पास दौड़ती हुई आई।
(c) एक किताब कहानी की दे दीजिए।
(d) आप क्या किताब पढ़ेंगे?

190. 'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का अर्थ बताइये।

Hindi By Swati Ma'am

(a) सच्चे व्यक्ति को हर कोई झुठला सकता है।
(b) सच्चे व्यक्ति से सभी व्यक्ति प्रसन्न होते हैं।
(c) सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं।
(d) सच्चे व्यक्ति को डरने की आवश्यकता है।

191. 'चाम' का तत्सम रूप क्या है?
(a) चर्म (b) चमड़ा
(c) चरम (d) चार्म

192. निम्नलिखित में से 'बंध्या' शब्द का तद्भव रूप क्या है?
(a) बांध (b) बंझा
(c) बाँझ (d) बंध

193. 'गुदड़ी का लाल होना' का सही अर्थ क्या है?
(a) निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति
(b) अत्यन्त अनुभवी होना
(c) बनी बात बिगाड़ देना
(d) घर की आशा होना

194. 'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।' किस वाक्य का उदाहरण है?
(a) मिश्र वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) सरल वाक्य

195. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है?
(a) जोगी (b) नर्मदा
(c) अमावस्या (d) वक्त्री

196. निम्नलिखित में से कौन से विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची हैं?
(a) कमला, ज्योति, रोशनी (b) मतंग, कुंजर, कपीश्वर
(c) कुटिल, दुर्जन, इंदीवर (d) शशि, शशांक, सुधांशु

197. निम्नलिखित में से कौन सा तत्सम शब्द है?
(a) कंगन (b) कचहरी
(c) कुक्कुर (d) कछुआ

198. 'अंकेक्षक' शब्द के लिए सही वाक्यांश क्या है?
(a) अंक (गोद) में खेलने वाला बच्चा
(b) अंकों की गणना करने वाला
(c) अंकों के साथ खेलने वाला
(d) आय-व्यय के आँकड़ों की जाँच करने वाला

199. निम्नलिखित विकल्प में से कौन सा वाक्य मिश्रित वाक्य का उदाहरण है?
(a) जब मैं छोटी थी तब साइकिल चलाती थी।
(b) छोटी बच्ची साइकिल चलाती थी।
(c) मैं छुटपन में साइकिल चलाती थी।
(d) मैं छोटी थी और साइकिल चलाती थी।

200. 'प्रसाद-प्रासाद' युग्म का सही अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?
(a) कृपा - पूजा की सामग्री (b) महल - महानता
(c) फल - कृपा (d) कृपा - महल

di By Swati Ma'am

Answer-Key

1. (a)	**2.** (c)	**3.** (c)	**4.** (c)	**5.** (c)	**6.** (c)	**7.** (d)	**8.** (d)	**9.** (b)	**10.** (c)
11. (d)	**12.** (c)	**13.** (a)	**14.** (d)	**15.** (b)	**16.** (c)	**17.** (c)	**18.** (b)	**19.** (d)	**20.** (d)
21. (b)	**22.** (d)	**23.** (b)	**24.** (b)	**25.** (d)	**26.** (c)	**27.** (c)	**28.** (b)	**29.** (c)	**30.** (a)
31. (b)	**32.** (a)	**33.** (c)	**34.** (a)	**35.** (c)	**36.** (d)	**37.** (d)	**38.** (b)	**39.** (c)	**40.** (d)
41. (b)	**42.** (b)	**43.** (c)	**44.** (a)	**45.** (b)	**46.** (a)	**47.** (d)	**48.** (b)	**49.** (b)	**50.** (d)
51. (c)	**52.** (b)	**53.** (d)	**54.** (d)	**55.** (c)	**56.** (c)	**57.** (b)	**58.** (d)	**59.** (c)	**60.** (c)
61. (c)	**62.** (a)	**63.** (c)	**64.** (b)	**65.** (a)	**66.** (d)	**67.** (d)	**68.** (c)	**69.** (a)	**70.** (a)
71. (b)	**72.** (b)	**73.** (a)	**74.** (d)	**75.** (c)	**76.** (c)	**77.** (a)	**78.** (b)	**79.** (b)	**80.** (b)
81. (a)	**82.** (b)	**83.** (c)	**84.** (b)	**85.** (b)	**86.** (d)	**87.** (a)	**88.** (c)	**89.** (d)	**90.** (b)
91. (b)	**92.** (d)	**93.** (a)	**94.** (a)	**95.** (b)	**96.** (c)	**97.** (d)	**98.** (b)	**99.** (c)	**100.** (d)
101. (b)	**102.** (b)	**103.** (b)	**104.** (d)	**105.** (a)	**106.** (c)	**107.** (d)	**108.** (b)	**109.** (b)	**110.** (c)
111. (b)	**112.** (d)	**113.** (c)	**114.** (b)	**115.** (a)	**116.** (c)	**117.** (a)	**118.** (b)	**119.** (d)	**120.** (c)
121. (b)	**122.** (d)	**123.** (c)	**124.** (c)	**125.** (b)	**126.** (d)	**127.** (c)	**128.** (d)	**129.** (c)	**130.** (b)
131. (d)	**132.** (a)	**133.** (a)	**134.** (a)	**135.** (b)	**136.** (c)	**137.** (b)	**138.** (b)	**139.** (a)	**140.** (c)
141. (c)	**142.** (a)	**143.** (c)	**144.** (b)	**145.** (b)	**146.** (c)	**147.** (d)	**148.** (d)	**149.** (a)	**150.** (d)
151. (d)	**152.** (d)	**153.** (c)	**154.** (c)	**155.** (c)	**156.** (c)	**157.** (d)	**158.** (d)	**159.** (b)	**160.** (c)
161. (d)	**162.** (a)	**163.** (c)	**164.** (a)	**165.** (d)	**166.** (d)	**167.** (a)	**168.** (d)	**169.** (b)	**170.** (d)
171. (a)	**172.** (a)	**173.** (a)	**174.** (d)	**175.** (d)	**176.** (a)	**177.** (c)	**178.** (a)	**179.** (c)	**180.** (b&c)
181. (d)	**182.** (c)	**183.** (c)	**184.** (c)	**185.** (a)	**186.** (b)	**187.** (b)	**188.** (a)	**189.** (b)	**190.** (c)
191. (a)	**192.** (c)	**193.** (a)	**194.** (c)	**195.** (a)	**196.** (d)	**197.** (c)	**198.** (d)	**199.** (a)	**200.** (d)

Hindi By Swati Ma'am

HINDI SPECIAL

हिंदी स्पेशल नोट्स

HAND WRITTEN

BY - SWATI MA'AM

RG STATE EXAM OFFICIAL

RG STATE EXAM

Follow us on

DOWNLOAD

RG VIKRAMJEET APP

GET IT ON Google Play

Rankers' गुरुकुल Live